हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

1 दिसंबर 2025, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार</u>

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गीता जयंती पर ज्योतिसर में पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन किया - केशव पार्क में 21 हजार बच्चों ने वैश्विक गीता पाठ में भाग लिया।

2. मुख्यमंत्री ने कहा – गीता का संदेश केवल भारत ही नहीं, पूरी मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत है।

3. श्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के 48 कोस में आने वाले तीर्थों की जानकारी देने वाली पुस्तक का विमोचन किया।

4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर प्रगति कर रहा है।

5. अंबाला छावनी में कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा 100 बिस्तरों का अस्पताल स्थापित किए जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

6. हिसार में आज डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली लागू की गई।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गीता जयंती के अवसर पर सुबह गीता स्थली ज्योतिसर में पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन किया और हवन यज्ञ में आहुति डाली। इस मौके पर उनके साथ पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री, योग गुरु स्वामी रामदेव गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के साथ केशव पार्क में वैश्विक गीता पाठ में शामिल हुए। सामूहिक गीत पाठ में 21 हजार बच्चों ने एक स्वर में गीता के श्लोकों का उच्चारण किया, जिसने पूरे वातावरण को ज्ञान, भक्ति और अध्यात्म से सराबोर कर दिया। इस अभूतपूर्व सहभागिता ने वसुधैव कुटुम्बकम् की भारतीय अवधारणा को साकार रूप दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गीता का संदेश कालातीत है। यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि गीता स्थली कुरुक्षेत्र से पूरे विश्व को ज्ञान और संस्कार मिल रहा है।

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने देशवासियों को गीता जयंती की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्म करने का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री सन्निहित सरोवर पर दीप उत्सव और ब्रह्मसरोवर पर महा आरती में भी शामिल हुए।

*****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार कुरुक्षेत्र को दुनिया का सबसे गौरवपूर्ण स्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र में आयोजित 48 कोस तीर्थ सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर गीता ज्ञान संस्थानम् के अध्यक्ष स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के अलावा धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के विभिन्न तीर्थों के प्रतिनिधिगण तथा श्रद्धालुगण उपस्थित थे। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा कुरुक्षेत्र के 48 कोस में आने वाले तीर्थों की जानकारी देने वाली पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी को गीता जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दिन 5,162 वर्ष पहले कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर भगवान श्रीकृष्ण जी ने अर्जुन के माध्यम से मानव मात्र को गीता का कर्मयोग का अमर संदेश दिया था। राज्य एवं जिला स्तर पर एक साथ मनाया जाने वाला यह महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक, कला एवं संस्कृति का एक अनुपम उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में कुरुक्षेत्र आगमन के दौरान कहा था कि कुरुक्षेत्र को गीता स्थली के रूप में पहचान दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो समाज अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखता है वह युवा पीढ़ी को अच्छे नैतिक संस्कार देता है।

*****************************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत न केवल आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर है, बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रगति कर रहा है। राष्ट्रपति आज नई दिल्ली में फुटवियर डिज़ाइन और विकास संस्थान -एफडीडीआई के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि फुटवियर उद्योग वित्त वर्ष 2024-25 में 22 अरब 34 करोड़ रुपये से अधिक के निर्यात के साथ अर्थव्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

*फुटविअर प्रोडक्शन और कंजम्पशन संख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में दूसरा स्थान है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भारत का फुटविअर एक्सपोर्ट 2,500 मिलियन यूएस डॉलर से कुछ अधिक था। हमारे फुटवियर इम्पोर्ट्स लगभग सिक्स हंड्रेड 80 मिलियन डॉलर के थे।*

**********************************************************************

हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में कर्मचारी राज्य बीमा निगम -ईएसआईसी द्वारा 100 बिस्तरों का अत्याधुनिक अस्पताल स्थापित किए जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह अस्पताल श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए एक संजीवनी साबित होगा, क्योंकि इससे उन्हें बेहतर और नज़दीक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।
श्री अनिल विज ने आज चण्डीगढ में बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को 16 दिसंबर तक अंबाला छावनी में प्रस्तावित स्थल के आवंटन संबंधी औपचारिक पत्र सटीक लागत के साथ जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके पश्चात् ईएसआईसी द्वारा भूमि भुगतान कर अस्पताल का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।

**********************************************************************

नई सोच, नया हिसार के तहत हिसार नगर निगम ने आज डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की नई प्रणाली लागू की। आगामी पांच वर्षों तक के लिए दो एजेंसियों को शहर के सभी वार्डों में घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों से नियमित कचरा संग्रहण की जिम्मेदारी दी गई है। इस सुविधा का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने किया। इस अवसर पर महापौर प्रवीण पोपली और निगमायुक्त नीरज उनके साथ रहे।

महापौर पोपली ने नागरिकों से अपने घरों और दुकानों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने का आग्रह किया.

**********************************************************************

एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत बागवानी की नवीनतम तकनीक की जानकारी हेतु हरियाणा के किसानों के लिए भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत आज पलवल जिला सचिवालय से फरीदाबाद व पलवल जिला के 20 प्रगतिशील किसानों का दल राजस्थान के लिए रवाना हुआ। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने झंडी दिखाकर उनकी गाड़ी को रवाना किया।

***********************************************************************

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा है कि ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में कोई भी कमी होगी तो उन्हें जल्द दूर किया जाएगा।

वे आज आरकेएसडी कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि बीते दिनों हरियाणा प्रदेश में एक सप्ताह 17 से 22 नवंबर तक विशेष अभियान चलाकर सरकारी अस्पतालों में 3000 से ज्यादा ऑपरेशन किए गए हैं। ऐसे में स्पष्ट होता है कि मरीज को प्राइवेट अस्पतालों में जाने की जरूरत नहीं है। उन्हें सरकारी अस्पतालों में ही पूरी सुविधाएं मिल रही है।

उन्होंने एड्स फैलने के कारणों और बचाव को लेकर ही लोगों को जागरूक किया। मंत्री ने कहा कि यही संदेश वे सारे लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

***********************************************************************